राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (ग) (चवे)/अलेसे–I/79/3240-41 दिनांकः–08.09.2014

**कार्यालय आदेश संख्या ..................70/2014–15**

राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.06(2)एफडी/रूल्स/98 दिनांक 17.02.1998 के अनुसरण में **श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**, सहायक लेखाधिकारी जिनकी जन्मतिथि **15.05.1958** है तथा जिन्होंने कनिष्ठ लेखाकार के पद पर सीधी भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर दिनांक 16.**10.1980** को कार्यग्रहण किया था। इन्होंने 27 वर्ष की राजकीय सेवा निरन्तर एवं सन्तोषजनक रूप से पूर्ण कर ली है, को दिनांक **16.10.2007** से कनिष्ठ लेखाकार के पद का तृतीय चयनित वेतनमान 8000–275–13500 में स्वीकृत किया जाता है।

**श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**, सहायक लेखाधिकारी के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प.1(20)वित्त/ग्रुप–2/92 दिनांक 23.04.1994 में दी हुई शर्तों के संबंध में सन्तोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण–पत्र तथा कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ. 7(1)(डीओपी)/ क–2/95 दिनांक 20.06.2001 के क्रम में संतान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर चयनित वेतनमान स्वीकृत किया जाता है।

**श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**, सहायक लेखाधिकारी के वांछित वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण सन्तोषजनक सेवा का प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के आधार पर उक्त चयनित वेतनमान इस शर्त पर स्वीकृत किया जाता है कि भविष्य में प्राप्त उक्त अवधि के वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन में प्रतिकूल प्रविष्टी होने पर प्रकरण पुनः खोला जावेगा तथा वार्षिक कार्यमूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर चयनित वेतनमान के बारे में निर्णय लिया जाकर तदानुसार संशोधित कर दिया जावेगा।

**श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**, सहायक लेखाधिकारी का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 17.02.1998 के पैरा 10 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा निर्धारित किया जावेगा। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि **श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा** राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) 1998 में वेतन प्राप्त कर रहे हैं।

(भास्कर शर्मा)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (ग) (चवे)/अलेसे–I/79/3240-41 दिनांकः–08-09.2014

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।
2 **श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**, सहायक लेखाधिकारी, कार्यालय सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।
3 निजी सहायक निदेशक महोदया।
4 उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5 निजी पत्रावली/गार्ड फाईल/गोपनीय अनुभाग ।

(के.एम. मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)